देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 116 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**बिगड़ते बनते रिश्ते




# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 4 अगस्त 2020



मौसम — अधिकतम 29.0° न्यूनतम 23.0°

36939.60

2 टिकटॉक पर 45 दिन का अल्टीमेटम

7 धोनी जैसा दूसरा कोई नहीं हो सकता

## संक्षिप्त समाचार

### थरूर बोले– आश्चर्य है.. एम्स क्यों नहीं गए शाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कोरोना से संक्रमित पाए गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को प्राइवेट अस्पताल मेदांता में भर्ती कराए जाने पर सवाल उठाया है। थरूर ने कहा है कि सार्वजनिक संस्थानों को शक्तिशाली करने की जरूरत है क्योंकि ये जनता के विश्वास को प्रेरित करते हैं। बता दें कि 55 वर्षीय अमित शाह रविवार को कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और उन्हें गुड़गांव स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### राम का नाम भाजपा या अयोध्या की बपौती नहीं हैः उमा भारती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भाजपा की फायर ब्रांड नेता उमा भारती का बड़ा बयान सामने आया है। उमा भारती ने कहा है कि भगवान राम किसी की बपौती नहीं हैं। वो सबके हैं। भगवान पर हर इंसान को आस्था है। उन्होंने कहा है कि जो भी लोग चाहे वो किसी भी पार्टी के हों, किसी भी धर्म के हों, भारत के किसी कोने के निवासी हों या फिर विदेश में कहीं के भी हों अगर वो भगवान राम पर आस्था रखते हैं तो वो अधिकार रखते हैं कि वो इस बारे में अपनी राय दें। अगर कोई उनसे ये अधिकार छीनता है तो ये अहंकार कहलाएगा।

### गहलोत ने 3024 करोड़ पायलट को जारी नहीं किए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जयपुर। राजस्थान में पिछले कई दिनों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और श्बागीश सचिन पायलट के बीच चल रहे सियासी घमासान में अब एक नई बात भी निकलकर सामने आ रही है। पता चला है कि राजस्थान सरकार के वित्त विभाग ने अभी तक ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग को 3,024 करोड़ रुपये का अनुदान जारी नहीं किया। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के पास था, यह अनुदान 2019–20 की अवधि के लिए वित्त विभाग को जारी करना था।

# अयोध्या में पूजन उत्सव शुरू

## 21 पुरोहितों ने गौरी गणेश का आह्वान कर अनुष्ठान की शुरुआत की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या की पांच अगस्त को राम मंदिर की आधारशिला रखी जानी है। इस क्षण को उत्सव के रूप में मनाने के लिए अयोध्या में भव्य तैयारी की गई है। तीन दिन तक चलने वाला श्रीराम मंदिर भूमि पूजन का अनुष्ठान सोमवार से शुरू हो गया है। गौरी गणेश पूजन के साथ श्री राम जन्मभूमि में अनुष्ठान आज से शुरू हो गया है। सोमवार से 21 पुरोहितों ने यहां पर गौरी गणेश का आह्वान कर राम मंदिर भूमि पूजन के अनुष्ठान की शुरुआत कर दी है।

श्रीराम मंदिर निर्माण का पूजन उत्सव रामनगरी अयोध्या में शुरू है। मंदिर निर्माण का भूमि पूजन के साथ ही आधारशिला रखने का कार्यक्रम पांच अगस्त को होगा। उससे पहले 3 अगस्त से ही पूजन उत्सव का शुभारंभ हो चुका है।

■अयोध्या में होगा देश के हर हिस्से से प्रतिनिधित्व

हिंदू परंपरा के मुताबिक ही पूजन उत्सव का आरंभ सबसे पहले गणपति की स्तुति से हुआ है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव जी महाराज ने गणेश स्तुति के माध्यम से पूजन उत्सव की शुरुआत की। आज से अगले दो दिन तक अयोध्या पूरी तरह से राममय रहेगी। कोरोना संक्रमण की वजह से यहां भव्य आयोजन और पूजन उत्सव में रामभक्तों की सहभागिता उतनी नहीं हो पाई, जैसी आम दिनों में होती। सभी रामभक्त अपने घरों में ही इस आयोजन से जुड़े अनुष्ठान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को जब राम मंदिर की आधारशिला रख रहे होंगे, तब रामलला पंडित कल्किराम की ओर से भेंट की गयी पोशाक धारण किये होंगे। पंडित कल्किराम ने रामलला के प्रधान अर्चक आचार्य सत्येंद्रदास को रामलला के लिए चार सेट पोशाक सौंपी। रामलला इसमें से सफेद पोशाक सोमवार को, लाल पोशाक मंगलवार को तथा नव रत्नों से युक्त हरी पोशाक बुधवार को ऐन भूमिपूजन के दिन तथा पीली पोशाक गुरुवार को धारण करेंगे। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव और वीएचपी के उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि कई संत अयोध्या पहुंच गए हैं। वीएचपी के प्रबंध समिति के सदस्य दिनेश चंद्र आ गए हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह सुरेश भैयाजी जोशी और दूसरे पदाधिकारी भी कल रात तक आ जाएंगे।

### सीएम योगी ने परिसर के साथ हनुमानगढ़ी का भी किया निरीक्षण



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर के साथ हनुमानगढ़ी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पांच अगस्त का दिन हमारे लिए काफी गौरवशाली व एतिहासिक है। इसके महत्व को समझते हुए, यहां अयोध्या में कार्यों का अवलोकन करने के लिए मैं स्वयं आया हूं। अयोध्या के साथ–साथ देश और दुनिया के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा जब प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में लगभग 500 वर्षों की इस परीक्षा के परिणाम के साथ भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखेंगे।

### 1.25 लाख बार शंखनाद का संकल्प

अयोध्या में राम मंदिर के भूमिपूजन से पहले शंखनाद हो रहा है। हैदराबाद से अयोध्या पहुंचे श्रीवल्लभ शंख का प्रण है कि वो भूमिपूजन से पहले 11 हजार बार शंखनाद करेंगे और राम मंदिर निर्माण से पहले देशभर में घूम–घूमकर 1.25 लाख बार शंखनाद करेंगे। सुरक्षा को लेकर मंगलवार से अयोध्या को सील कर दिया जाएगा।

# ऑक्सफोर्ड वैक्सीन को देश में ट्रायल की मंजूरी

## देश भर के सैंपल्स का होगा क्लिनिकल ट्रायल


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के वैक्सीन को लेकर अच्छी खबर है। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित कोरोना के वैक्सीन के तीसरे चरण के मानव परीक्षण के लिए सीरम इंस्टिटच्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) को मंजूरी दे दी है। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि एसआईआई को यह मंजूरी औषधि महानियंत्रक डॉ. वीजी सोमानी ने रविवार देर रात दी। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले उन्होंने कोविड–19 के विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) की अनुशंसाओं पर गहन विचार–विमर्श किया था। उन्होंने कहा कि कंपनी को तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल से पहले सुरक्षा संबंधी वह डेटा केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के पास जमा करना होगा जिसका मूल्यांकन डेटा सुरक्षा निगरानी बोर्ड (डीएसएमबी) ने किया हो।

**ब्रिटेन में चल रहा परीक्षणः** ऑक्सफोर्ड द्वारा विकसित इस टीके के दूसरे एवं तीसरे चरण का परीक्षण अभी ब्रिटेन में चल रहा है। तीसरे चरण का परीक्षण ब्राजील में और पहले तथा दूसरे चरण का परीक्षण दक्षिण अफ्रीका में चल रहा है।

**अब आगे क्या?:** दूसरे और तीसरे चरण के परीक्षण के लिए एसआईआई के आवेदन पर विचार करने के बाद एसईसी ने 28 जुलाई को इस संबंध में कुछ और जानकारी मांगी थी तथा प्रोटोकॉल में संशोधन करने को कहा था। एसआईआई ने संशोधित प्रस्ताव बुधवार को जमा करवा दिया। पैनल ने यह भी सुझाव दिया है कि क्लिनिकल ट्रायल के लिए स्थलों का चुनाव पूरे देशभर से किया जाए।

### तीसरे चरण के परीक्षण को मंजूरी



अधिकारी ने जानकारी दी, इस शोध की रूपरेखा के मुताबिक, शोध में शामिल हर व्यक्ति को चार हफ्ते के अंतर पर दो डोज दिए जाएंगे (अर्थात पहले डोज के 29वें दिन दूसरा डोज दिया जाएगा)। इसके बाद तय अंतराल पर सुरक्षा और प्रतिरक्षाजनत्व का आकलन होगा। अधिकारियों ने बताया कि सीडीएससीओ के विशेषज्ञ पैनल ने पहले और दूसरे चरण के परीक्षण से मिले डेटा पर गहन विचार विमर्श करने के बाद श्कोविशिल्डश के भारत में स्वस्थ वयस्कों पर दूसरे और तीसरे चरण के परीक्षण की मंजूरी दी।

# सुशांत केस में बिहार और मुंबई पुलिस में ठनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में जब से बिहार पुलिस ने जांच शुरू की है, हंगामा बढ़ता जा रहा है। इस बीच जिस तरह से बिहार के आईपीएस अधिकारी विनय तिवारी को क्वारंटीन किया गया है। इस पर बिहार पुलिस के डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पटना आईजी इस बारे में बीएमसी को विरोध पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा की गई कार्रवाई ने सुशांत सिंह की मौत की जांच को प्रभावित किया है। पूरा मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

**जब सूचना देकर गए थे तो इसकी जरूरत नहीं थीः डीजीपी**

डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे ने कहा कि हमने क्वारंटीन गाइडलाइंस की जांच की। इसकी कोई जरूरत नहीं थी। अगर कोई अधिकारी सूचना देकर, वाहन और आवास के इंतजाम की रिक्वेस्ट करके गया है तो वो सिक्रेटली नहीं गया था। एसपी विनय तिवारी ने पत्र लिखकर डीसीपी बांद्रा को अपने आने की सूचना दे दी थी। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में पटना के आईजी साहब, बीएमसी के चीफ को एक पत्र लिख रहे हैं।

### क्वारंटीन में आईपीएस

आईजी साहब बीएमसी चीफ को भेजेंगे चिट्ठीःडीजीपी गुप्तेश्वर पांडे

### जो हुआ, ठीक नहीं हुआः नीतीश

इस मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पटना सिटी के एसपी विनय तिवारी के साथ मुंबई में जो कुछ हुआ, यह गलत बात है। हम इस पर महाराष्ट्र सरकार से बात करेंगे। मुंबई में जांच के लिए पहुंचे पटना के सिटी एसपी को क्वारंटीन करने को लेकर बिहार में बयानबाजी तेज हो गई है। बिहार सरकार में मंत्री संजय झा ने कहा कि ये बिल्कुल गलत है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# दिल्ली में कुछ बड़ा करना था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के निलंबित पार्षद ताहिर हुसैन ने उत्तर–पूर्व दिल्ली में दंगों में अपनी भूमिका को स्वीकार किया है। दिल्ली पुलिस की पूछताछ रिपोर्ट में बताया गया है कि हुसैन ने लोगों को उकसाने और हिंसा कराने की बात मानी है। हुसैन ने पूछताछ में माना कि उसकी योजना कुछ बड़ा करने की थी। बता दें कि इस साल फरवरी में हुई दिल्ली हिंसा में कई लोगों की जान गई थी।

**खुलासाः** ताहिर हुसैन ने दिल्ली दंगों में स्वीकारी भूमिका

हुसैन ने पूछताछ में बताया वह जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद से 8 जनवरी को शाहीन बाग स्थित पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया के कार्यालय में मिला था। दिल्ली पुलिस के अनुसार, हुसैन का काम ज्यादा से ज्यादा शीशे की बोतर, पेट्रोल, एसिड, पत्थर को अपने छत पर इकट्ठा करना था। हुसैन के एक परिचित खालिद सैफी का काम सड़कों पर लोगों को प्रदर्शन के लिए एकत्र करने का था। दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के मुताबिक, हुसैन आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या का मुख्य आरोपियों में शामिल है।